राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## वैशाखी पर्व पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर, 13 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वैशाखी पर्व (14 अप्रैल) पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर अपने संदेश में दशमेश गुरु गोविन्द सिंहजी का स्मरण करते हुए सभी से उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने का आह्वान किया है।

-----

## डॉ. अम्बेडकर जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि वंचित एवं कमजोर वर्ग को सम्मान दिला कर समाज में व्याप्त विषमताओं और बुराइयों को दूर करने के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित रहा। उन्होंने सभी से डॉ. अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलते हुए खुशहाल और भेदभाव रहित समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

------